भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 789**

जिसका उत्तर 23.07.2026 को दिया जाना है

**राष्ट्रीय राजमार्ग का संरेखण**

789. श्री सतपाल ब्रह्मचारी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि हरियाणा में जींद यूनिवर्सिटी से लाजवाना कलां तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरौली गांव के समीप सुरक्षित आवागमन के लिए संरेखण/कट की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस संबंध में जनप्रतिनिधियों या स्थानीय लोगों से कोई प्रस्ताव या मांग प्राप्त हुई है;

(ग) यदि हाँ, तो क्या उक्त स्थान पर संरेखण/कट बनाने की व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए कोई सर्वेक्षण या तकनीकी निरीक्षण किया गया है और यदि हाँ, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या सरकार का सड़क सुरक्षा और छात्रों, किसानों तथा स्थानीय लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त स्थान पर संरेखण/कट के निर्माण के लिए मंजूरी देने का विचार है; और

(ङ) यदि हाँ, तो इसके लिए प्रस्तावित समय-सीमा क्या है और इसकी अनुमानित लागत का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ङ) राष्ट्रीय राजमार्ग-352 पर ग्राम बरौली के निकट जींद विश्वविद्यालय-लाजवाना कलां गांव रोड के इंटरसेक्शन पर एक मध्यिका खोलने (मीडियन ओपनिंग) के प्रावधान के लिए एक अनुरोध प्राप्त हुआ था।

उक्त स्थान की जांच की गई और यह देखा गया कि नरवाना की ओर 1300 मीटर की दूरी पर एक मीडियन ओपनिंग और रोहतक की ओर 660 मीटर की दूरी पर एक अंडरपास है जिसके माध्यम से सड़क प्रयोक्ता सुरक्षित रूप से क्रॉस रोड तक पहुंच सकते हैं। जींद विश्वविद्यालय और बरौली गांव के बीच संपर्कता संबंधी कोई बाधा नहीं है।

सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से इतने कम अंतराल पर अतिरिक्त मीडियन ओपनिंग का प्रावधान व्यवहार्य नहीं है।

*****